बिहार सरकार

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

आदेश

संचिका सं0–12/वि0–228/2024– 206 पटना, दिनांक– 6.2.26

विषयः ओम श्री कंस्ट्रक्शन, सुरो ओझा टोला, बछवाड़ा, बेगूसराय (सूचीबद्धता संख्या–330/2018) को लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अररिया अंतर्गत 'हर घर नल का जल' निश्चय योजना के तहत जलापूर्ति योजनाओं के मरम्मति एवं संपोषण कार्य में लापरवाही के लिए क्षेत्रीय मुख्य अभियंता पूर्णिया प्रक्षेत्र, पूर्णिया से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में फर्म को काली सूची में दर्ज करने के संबंध में।

लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अररिया अंतर्गत 'हर घर नल का जल' निश्चय योजना के अधीन एकरारनामा सं0–869, 870 एवं 871/2019–20 के तहत वार्ड स्तरीय जलापूर्ति योजना के आवंटित कार्य में कृत एकरारनामा के प्रावधानों के अनुरूप मरम्मति एवं संपोषण कार्य में अभिरूचि नही लेने एवं योजनाओं में व्याप्त त्रुटियों के परिलक्षित होने के फलस्वरूप एकरारनामा के तहत ससमय कार्य पूर्ण करने हेतु कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अररिया के द्वारा अपने कार्यालय के पत्रांक–1769, दि0–11.09.2023, पत्रांक–1833, दि0–15.09.2023, पत्रांक–2033 दिनांक–16.10.2023, पत्रांक–2410 दिनांक–20.12.2023,पत्रांक–157 दिनांक–18.01.2024, पत्रांक–1694 दिनांक–12.08.2024 एवं पत्रांक–1795 दिनांक–24.08.2024 के माध्यम से संवेदक को निदेशित एवं स्मारित किया गया। परन्तु कार्य संपादन एवं उक्त त्रुटियों को दूर करने में संवेदक के द्वारा अभिरूचि नहीं ली गई।

उक्त स्थिति में कार्यपालक अभियंता के कार्यालय पत्रांक–2206, दिनांक–06.12.2025 से अधीक्षण अभियंता अंचल पूर्णिया को प्रेषित प्रतिवेदन तदोपरांत अधीक्षण अभियंता अंचल पूर्णिया के कार्यालय पत्रांक–1106, दि0–09.12.2025 से क्षेत्रीय मुख्य अभियंता पूर्णिया प्रक्षेत्र, पूर्णिया को प्रेषित प्रतिवेदन के आलोक में क्षेत्रीय मुख्य अभियंता पूर्णिया प्रक्षेत्र, पूर्णिया के द्वारा अपने कार्यालय पत्रांक–1300, दि0–10.12.2025 के माध्यम से बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के संगत प्रावधानों के तहत फर्म के निबंधन को काली सूची में दर्ज करने हेतु अनुशंसा किया गया।

क्षेत्रीय पदाधिकारियों से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में विभागीय पत्रांक–2050, दि0–23.12.2025 एवं पत्रांक–08, दि0–01.01.2026 के माध्यम से फर्म को सुसंगत साक्ष्यों के साथ आरोपों के संबंध में अपना स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया। परंतु संवेदक उक्त निदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने में विफल रहे। संवेदक के द्वारा विभाग को स्पष्टीकरण समर्पित नही किया गया।

क्षेत्रीय पदाधिकारियों से प्राप्त प्रतिवेदन मे उल्लेखित तथ्यों की सम्यक समीक्षा की गई जिससे यह परिलक्षित हुआ कि एकरारनामा के अनुरूप कार्य करने हेतु क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा दिये गए निदेश का संवेदक के द्वारा अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया गया है एवं कार्य के प्रति असहयोगात्मक रवैया अपनाया गया है। संवेदक के द्वारा कार्य में शिथिलता बरतने एवं विभागीय निदेशों की निरंतर उपेक्षा के कारण योजना का कार्य प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुई है।

अतः क्षेत्रीय पदाधिकारी के प्रतिवेदन एवं मुख्य अभियंता, पूर्णिया प्रक्षेत्र, पूर्णिया से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के कंडिका–11 क (II) ''एकरारनामा में विहित विनिर्देश के अनुसार कार्य निष्पादन में चूक'' हेतु संवेदक ओम श्री कंस्ट्रक्शन, सुरो ओझा टोला, बछवाड़ा, बेगूसराय (सूचीबद्धता संख्या–330/2018) को 03 वर्षो के लिए काली सूची में दर्ज किया जाता है।

उक्त दण्ड के विरूद्ध बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 की कंडिका–11 (घ) के आलोक में एजेन्सी द्वारा 30 (तीस) दिनों के अन्दर सचिव महोदय के समक्ष अपील दायर किया जा सकता है।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

अभय 05/02/26

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12/वि0–228/2024– 206 पटना, दिनांक– 6.2.26

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/नगर —— विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना/बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना/बुडको, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

अभय 05/02/26

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12/वि0–228/2024–206 पटना, दिनांक– 6.2.26

प्रतिलिपि–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय)/सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता/आई0 टी0 मैनेंजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई0 टी0 मैनेंजर को निदेश है कि इसे विभागीय वेवसाईट पर अपलोड किया जाय।

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

Speed Post

ज्ञापांक–12/वि0–228/2024–206 पटना, दिनांक– 6.2.26

प्रतिलिपि–कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अररिया/संवेदक ओम श्री कंस्ट्रक्शन, सुरो ओझा टोला, बछवाड़ा, बेगूसराय,email-viksh.omshree.gha@gmail.com.को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12/वि0–228/2024–206 पटना, दिनांक– 6.2.26

प्रतिलिपि–सचिव के प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(अभय कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)